

# प्रदूषण

(कविता)

## 12



*कल*-कारखाने, मिल, *उद्योग*
फैला रहे *प्रदूषण*-रोग।
इनका धुआँ और तेज शोर
*दूषित* करें वायु हर ओर।

*दूषित* हवा पेड़ ले लेते
*प्राणवायु* बदले में देते।
पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ
वायु-*प्रदूषित* रोग मिटाओ।

शहरों का यह गंदा पानी
करे *प्रदूषित* जल मनमानी।
करके हर *संभव* उपचार
रक्षा करो जीव संसार।

खाद, रसायन और दवाएँ
*यद्यपि* अधिक *अन्न* उपजाएँ।
इनसे *धरा प्रदूषित* होती
वह अपनी *ताकत* है खोती।

सोचो, समझो, करो विचार
कैसे बने स्वस्थ संसार?
रोग-*प्रदूषण* यदि मिट जाएँ
यह संसार स्वर्ग बन जाए।

## शब्द-अर्थ

**कल** — मशीन, यंत्र *(instrument)*, **प्रदूषण** — गंदगी *(pollution)*, **प्राणवायु** — ऑक्सीजन, जीवन के लिए आवश्यक वायु *(oxygen)*, **उपचार** — इलाज *(remedy)*, **धरा** — धरती *(earth)*, **उद्योग** — कारखाने *(industry)*, **दूषित** — गंदा *(polluted)*, **हर संभव** — हर तरह से *(by all means)*, **यद्यपि** — जबकि, अगर *(though)*, **अन्न** — अनाज *(cereal)*, **ताकत** — शक्ति *(strength)*।

**कविता का भावार्थ –** प्रस्तुत कविता में कवि बच्चों को पर्यावरण में फैल रहे प्रदूषण के बारे में बताते हैं। मशीन-कारखाने, मिल, उद्योग ये सब गंदगी अर्थात् प्रदूषण की बीमारियाँ फैला रहे हैं। इसका धुआँ और तेज शोर चारों तरफ की वायु को गंदा करता है। यही दूषित हवा जब पेड़ प्राप्त करते हैं, तो बदले में वह ऑक्सीजन देते हैं। पेड़ों को कटने से बचाकर और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हम प्रदूषण से उत्पन्न रोगों को वायु में फैलने से रोक सकते हैं। शहरों का गंदा पानी जल को भी गंदा कर देता है। हमें हर तरह के आवश्यक उपचार करके प्राणियों के संसार की रक्षा करनी चाहिए। खाद, विषैले रसायन और दवाइयाँ अधिक फसल तो उपजाती हैं परंतु इनसे हमारी धरती प्रदूषित होकर अपनी शक्ति खोती जा रही है। अब समय आ गया है कि हमें स्वस्थ संसार को बनाने के लिए विचार करना चाहिए। अगर धरती से प्रदूषण खत्म हो जाएगा तो हमारी धरती स्वर्ग बन जाएगी।

# अभ्यास

## मौखिक

**1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उद्योग | धुआँ | प्रदूषण | दूषित | प्रदूषित |
| प्राणवायु | अन्न | यद्यपि | स्वर्ग | उपजाएँ |

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—**

(क) कल-कारखाने क्या फैला रहे हैं?

(ख) दूषित हवा कौन ले लेता है?

(ग) धरा प्रदूषित कैसे होती है?

(घ) संसार स्वर्ग कैसे बन सकता है?

## लिखित

**1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—**

(क) ............................................ प्रदूषण रोग फैला रहे हैं।

☐ कल-कारखाने ☐ मिल, उद्योग ☐ सभी

(ख) पेड़ दूषित हवा लेकर हमें बदले में ........................................ देते हैं।

☐ कार्बनडाईऑक्साइड ☐ ऑक्सीजन ☐ नाइट्रोजन

(ग) रोग-प्रदूषण के मिट जाने से हमारा संसार ........................................ बन जाएगा।

☐ स्वस्थ ☐ स्वर्ग ☐ दोनों

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

(क) शहरों का ............................ पानी

करे ............................ मनमानी।

........................................ उपचार

रक्षा ................................... संसार।

(ख) दूषित हवा ............................

........................................ लेते।

पेड़ ................................ लगाओ।

वायु ........................................।

(ग) खाद, रसायन .................................

........................................ उपजाएँ।

इनसे ........................................

........................................ खोती।

(घ) सोचो ........................................

कैसे ................................ संसार?

........................................ जाए।

यह संसार ................................।

**3. कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

कल-कारखाने, मिल, उद्योग
फैला रहे प्रदूषण रोग।
इनका धुआँ और तेज शोर
दूषित करें वायु हर ओर।

(क) किस प्रकार के रोग की बात की जा रही है?

..............................................................................................................

(ख) वायु कैसे दूषित हो रही है?

..............................................................................................................

(ग) 'उद्योग' और 'दूषित' का अर्थ लिखिए।

..............................................................................................................

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) प्रदूषण से आप क्या समझते हैं?

(ख) पेड़ दूषित वायु लेकर कैसी वायु देते हैं?

(ग) जल-प्रदूषण कैसे होता है?

(घ) स्वस्थ संसार कैसे बन सकता है?

## भाषा-ज्ञान

1. निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) शक्ति | ..................... | ..................... | (ख) तरू | ..................... | ..................... |
| (ग) पानी | ..................... | ..................... | (घ) धरती | ..................... | ..................... |
| (ङ) पवन | ..................... | ..................... | (च) सूरज | ..................... | ..................... |
| (छ) जग | ..................... | ..................... | (ज) देवलोक | ..................... | ..................... |

2. प्रत्येक पंक्ति मे दिए गए शब्दों के सही विलोम शब्द पर (✓) का निशान लगाइए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | स्वस्थ | — | ☐ स्वास्थ्य | ☐ स्वच्छ | ☐ अस्वस्थ |
| (ख) | स्वर्ग | — | ☐ नरक | ☐ सुंदर | ☐ गंदा |
| (ग) | दूषित | — | ☐ प्रदूषित | ☐ अदूषित | ☐ स्वच्छ |
| (घ) | संभव | — | ☐ प्रसंभव | ☐ असंभव | ☐ कुसंभव |
| (ङ) | शहर | — | ☐ गाँव | ☐ शहरी | ☐ अशहर |

## क्रियात्मक गतिविधि

- 'पेड़-पौधे हमारे मित्र हैं।'–इस विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।
- प्रदूषण को रोकने के लिए दो नारे बनाइए।
- आप प्रदूषण को रोकने में क्या योगदान दे सकते हैं? बताइए।
- यदि धरती पर पेड़-पौधे नहीं होते, तो क्या होता? कक्षा में बताइए।
- क्या विज्ञान की उन्नति प्रदूषण का मुख्य कारण है? कक्षा में दो समूह बनाकर चर्चा कीजिए।